संख्या:-15/2020/1248/78-1-2020-05आई0टी0/2020

प्रेषक,

आलोक कुमार,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
यूपी इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड,
लखनऊ।

आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स अनुभाग-1 लखनऊः दिनांक: 28 अगस्त, 2020

विषय:- उ0प्र0 इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण नीति-2020 के क्रियान्वयन हेतु कार्यदायी/नोडल संस्था नामित किये जाने विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त के संदर्भ में उ0प्र0 इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण नीति 2020 की अधिसूचना संख्या:-1198/78-1-2020-05आईटी/2020 दिनांक 20 अगस्त, 2020 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत नीति के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उ0प्र0 शासन के अधीन एक नोडल/कार्यदायी संस्था होगी। यह संस्था राज्य में इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण ईकोसिस्टम के सतत् विकास के लिए एक नीतिगत वातावरण के सृजन हेतु उत्तरदायी होगी। यह ईकोसिस्टम के सभी हितधारकों के साथ सम्पर्क हेतु एकल खिड़की के रूप में कार्य करेगी। एकल खिड़की परिचालन के प्रबन्धन हेतु नोडल/कार्यदायी संस्था सरकार को सहयोग प्रदान करने के लिए आउटसोर्स प्रोफेशनल्स और कन्सल्टेण्ट्स तथा पर्याप्त स्टाफ सहित एक समर्पित परियोजना प्रबन्धन इकाई (पी.एम.यू.) का गठन करेगी।

3- शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त "उ0प्र0 इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण नीति-2020" के क्रियान्वयन हेतु यूपी इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ को एतद्द्वारा कार्यदायी/नोडल संस्था नामित किया जाता है।

भवदीय,
आलोक कुमार
अपर मुख्य सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in